# कार्यालय सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

कार्यालय/विभागाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश शासन के समस्त कार्यालय,
निगम एवं स्थानीय निकाय कार्यालय,
पत्रांक/गोप./उर्दू/ 3830–5030 दिनांक : 06–10–2021

**विषय : जूनियर हाईस्कूल तथा हाईस्कूल स्तर की उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2021–22 के आवेदन पत्र भरने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

सूच्य है कि भाषा अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के शासनादेश सं0–167/ इक्कीस–उर्दू–2–2021 (48/2011) दि0 26 अगस्त 2021 द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस कार्यालय को जूनियर हाईस्कूल तथा हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2021–22 आयोजन करने के लिए अधिकृत किया गया है और इस परीक्षा में जूनियर हाईस्कूल स्तर की परीक्षा दिनांक 01 दिसंबर 2021 तथा हाईस्कूल स्तर की परीक्षा दिनांक 02 व 03 दिसंबर 2021 प्रस्तावित है।

इन दोनों परीक्षाओं में वे सभी शासकीय/राज्य कर्मचारी/निगम/स्थानीय निकाय कर्मचारी सम्मिलित हो सकते हैं जो उत्तर प्रदेश शासन के अधीन कार्यरत हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थी की अर्हता अलग–अलग निम्नवत है। उक्त दोनों परीक्षाएं पूर्णरूपेण निःशुल्क हैं।

जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में वही अधिकारी/कर्मचारी बैठ सकते हैं, जो जूनियर हाईस्कूल अथवा उच्चतर परीक्षा उर्दू विषय से न उत्तीर्ण किये हों। इस परीक्षा में वे कर्मचारी नहीं सम्मिलित हो सकेंगे जो हाईस्कूल तथा जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू की प्रवीणता पहले उत्तीर्ण कर चुके हैं।

हाईस्कूल की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में वही अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हो सकते हैं जो हाई स्कूल परीक्षा अथवा समकक्ष या कोई उच्चतर परीक्षा उर्दू विषय में उत्तीर्ण न किये हों।

हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले क्रमशः रु0 1400, रु0 1000 तथा रु0 800 रुपए का पुरस्कार तथा जूनियर हाईस्कूल की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण होने पर क्रमशः रु0 600, रु0 400 व रु0 200 रुपए तथा साथ में दक्षता प्रमाण पत्र भी दिए जाने का प्रावधान है।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की यात्रा भत्ता नियमानुसार उनके विभाग/कार्यालय से देय होगा।

अतः दोनों परीक्षाओं के सादे आवेदन पत्र भेजते हुए निवेदन है कि आप स्वयं तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से आवेदन पत्र को निर्देशानुसार स्वच्छ अक्षरों में पूर्ति कराकर एवं यथास्थान अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर करा कर इस कार्यालय में केवल एक प्रति ही दिनांक 15.11.2021 तक अवश्य प्राप्त कराएं। आवेदन पत्र के साथ दो लिफाफे अभ्यर्थी अपने स्वयं का पता लिखकर अवश्य संलग्न करें। आपसे अपेक्षा है कि उर्दू भाषा को प्रोत्साहन देने के निमित्त आप अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को अधिकाधिक संख्या में इस परीक्षा में सम्मिलित कराने का प्रयास करेंगे।

यह भी निवेदन है कि यदि सादे आवेदन पत्र कम पड़ जाए तो समयाभाव के कारण मांगने के बजाय अपने स्तर से इसकी फोटो प्रतियां कराकर अग्रसारित करने का कष्ट करें। साथ ही यह भी निवेदन है कि आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि तथा परीक्षा की तिथियों में कम ही समय शेष है और समयाभाव तथा डाकघर की देरी के कारण इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र नहीं मिल पाता तो आप कृपया इन अभ्यर्थियों से दूसरा आवेदन–पत्र भरा कर अपने स्तर से A,B,C,D................ अनुक्रमांक आवंटित कर निर्धारित केंद्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने कि अनुमति प्रदान कर दें और इनके दोबारा भरे गए आवेदन पत्र को इस कार्यालय में तुरंत अग्रसारित कर दें।

राज्य में इन दोनों स्तरों की परीक्षा हेतु कुल 4 केंद्र ही हैं–

(1) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज
(2) राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज, लखनऊ
(3) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आगरा
(4) राजकीय इंटर कॉलेज, मुरादाबाद

भवदीय

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पृ0सं0:गोप./उर्दू/3830–5030/2021–22 तददिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः

1. अनु. सचिव, भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ
2. शिक्षा निदेशक मा0 शिविर कार्यालय, 18, पार्क रोड, लखनऊ
3. शिक्षा निदेशक बेसिक शिविर कार्यालय, निशातगंज, लखनऊ
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, निशातगंज, लखनऊ
5. निदेशक उर्दू एवं प्राच्य भाषा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
6. सचिव, उर्दू अकैडमी, उत्तर प्रदेश, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश प्रयागराज

# आवेदन पत्र भरने के सम्बन्ध में निर्देश तथा नियमावली

शासनादेशानुसार इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश शासन के अंतर्गत वे सभी राजपत्रित कर्मचारियों के साथ–साथ निगमों व स्थानीय निकायों के कर्मचारी भी सम्मिलित हो सकते हैं जिन्होंने हाईस्कूल अथवा समकक्ष या कोई उच्चतर परीक्षा उर्दू विषय न लेकर उत्तीर्ण किया हो और न किसी स्तर की उर्दू परीक्षा उत्तीर्ण की हो। इस परीक्षा में पूर्व में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हो गए परीक्षार्थी पुनः इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकते हैं। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। परीक्षा का पाठ्यक्रम नीचे अंकित है।

प्रत्येक अभ्यर्थी को एक आवेदन–पत्र फोटो लगाकर भरने हैं और वह भरा हुआ आवेदन पत्र उचित माध्यम से अग्रसारित कराकर सीधे सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0 प्र0, एलनगंज प्रयागराज को दिनांक 15.11.2021 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। साथ में दो–दो लिफाफे अपने स्वयं के पते लिखकर अवश्य संलग्न करें। आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्राप्त होने पर तुरंत परीक्षा कार्यक्रम/प्रवेश पत्र आपके पास भेजा जाएगा। परीक्षा प्रदेश के निम्नलिखित चार केंद्रों पर आयोजित होगी। अभ्यार्थी जिस केंद्र पर परीक्षा देना चाहते हो, निर्धारित स्थानों पर केंद्र का नाम अवश्य अंकित करें।

**केंद्र का नाम :** (1) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज
(2) राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज, लखनऊ
(3) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आगरा
(4) राजकीय इंटर कॉलेज, मुरादाबाद

## लिखित परीक्षा कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| गुरूवार 02 दिसंबर 2021 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक, |
| गुरूवार 02 दिसंबर 2021 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराहन 2 बजे से 4 बजे तक |
| शुक्रवार 03 दिसंबर 2021 | मौखिक परीक्षा | प्रातः 10 बजे से, |

इस परीक्षा में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण करने वालों को क्रमशः रु0 1400, रु0 1000 व रु0 800 का पुरस्कार तथा प्रमाण–पत्र दिये जाने का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त परीक्षा स्थल पर जाने तथा आने का नियमानुसार यात्रा भत्ता भी संबंधित विभाग द्वारा देय है। राजाज्ञा सं0 1724/ चालीस–रा. एकी. 15.06.77 दिनांक 26 जुलाई 1976 तथा राजाज्ञा सं. 167/इक्कीस–उर्दू–2–2021 (48/2011) दिनांक 26 अगस्त 2021 के अंतर्गत इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी की गोपनीय चरित्र पंजिका में उपर्युक्त प्रमाण–पत्र का अभिलेख भी रखा जाएगा।

## पाठ्य–क्रम

लिखित परीक्षा

प्रथम प्रश्न–पत्र — समय 3 घंटे

1. अनुवाद उर्दू से अंग्रेजी/हिंदी .................... 15 अंक
2. अनुवाद अंग्रेजी/हिंदी से उर्दू में.................... 15 अंक
3. उर्दू भाषा के गद्य तथा पद खंड को साधारण उर्दू भाषा में लिखना .................... 40 अंक
4. अंग्रेजी के प्रशासनिक शब्दों का उर्दू में अनुवाद .................... 10 अंक
5. सामान्य उर्दू कहावतों का वाक्यों में प्रयोग.................... 20 अंक

योग 100 अंक

द्वितीय प्रश्न–पत्र — समय 2 घंटे

1. उर्दू में लेख .................... 50 अंक

मौखिक परीक्षा(अ) उर्दू में छपा हुआ या साइक्लोस्टाइल किया हुआ या हस्तलिखित गद्य खंड का पढ़ना........30 अंक } 50 अंक
(ब) परीक्षक के साथ उर्दू में वार्तालाप करना....................20 अंक

योग 100 अंक

महायोग 200 अंक

**टिप्पणी**–अभ्यार्थियों की सुविधा के लिए सुझाव है कि परीक्षा के लिए तैयारी करने के उद्देश्य से जो पुस्तक हाईस्कूल के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित है उसका अध्ययन कर लें।

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

---

## परीक्षा कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| गुरूवार 02 दिसंबर 2021 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक, |
| गुरूवार 02 दिसंबर 2021 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराहन 2 बजे से 4 बजे तक |
| शुक्रवार 03 दिसंबर 2021 | मौखिक परीक्षा | प्रातः 10 बजे से |

प्रदेश के राजपत्रित एवं अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, निगमों व स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के लिए

# हाईस्कूल स्तर के उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2021–22 का आवेदन पत्र

(अभ्यर्थी इस आवेदन पत्र को अपनी हस्तलिपि में भरें)

(नोट–हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा की पिछली परीक्षाओं में जो अभ्यर्थी सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हो चुके हैं वह इसमें सम्मिलित नहीं हो सकते।)

| राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहां लगाएं। |
|---|

सेवा में,

सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

अनुक्रमांक.............................................(सचिव कार्यालय में भरा जाएगा।)

महोदय,

निवेदन है कि मैं हाईस्कूल की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2021–22 में सम्मिलित होना चाहता हूं। इस परीक्षा में बैठने के लिए शासन द्वारा जो भी बंधन एवं शर्तें पीछे मुद्रित हैं, उनकी मुझे जानकारी है और नियमानुसार इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र हूँ। अतः अनुरोध है कि मुझे उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

मेरा अन्य विवरण इस प्रकार है–

1. पूरा नाम (हिंदी में) (स्वच्छ लिपि में)____________________
   (उर्दू में)____________________
2. पिता का नाम हिंदी में____________________
   (उर्दू में)____________________
3. शैक्षिक योग्यता ____________________
4. पद ____________________
5. राजपत्रित/अराजपत्रित अथवा निगम अथवा स्थानीय निकाय कर्मचारी____________________
6. कार्यालय का नाम जहां कार्यरत हैं____________________
   ____________________
7. तिथि जब से कार्य कर रहे हैं____________________
8. परीक्षा केंद्र का नाम जहां से परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है____________________
   (केंद्र का नाम पीछे मुद्रित है)

हस्ताक्षर अभ्यर्थी (हिंदी में) ____________________

## अग्रसारण अधिकारी (कार्यालयाध्यक्ष) का प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि.........................................................................इस कार्यालय में कार्यरत है और इनके द्वारा पूरित विवरण मेरी जानकारी में सही है तथा उपर्युक्त परीक्षा में बैठने के पात्र हैं।

दिनांक :

कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर.................................................

पद की स्पष्ट मुहर

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

## हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2021–2022

### प्रवेश पत्र

| राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहां लगाएं। |
|---|

अनुक्रमांक____________________ (सचिव कार्यालय में भरा जाएगा)

अभ्यार्थी का नाम____________________

कार्यालय का नाम जहां कार्यरत हैं____________________

परीक्षा केंद्र का नाम____________________

हस्ताक्षर केंद्र व्यवस्थापक

केंद्र की मुहर

(कार्यक्रम पीछे मुद्रित है)

# आवेदन पत्र भरने के सम्बन्ध में निर्देश तथा नियमावली

शासनादेशानुसार इस परीक्षा में शासकीय/निगम/स्थानीय निकाय के सम्मिलित हो सकते हैं उत्तर प्रदेश शासन के अंतर्गत कार्यरत हों और जो जूनियर हाईस्कूल अथवा कक्षा 8 की परीक्षा अथवा समकक्ष या उच्चतर परीक्षा यद्यपि उत्तीर्ण हो तथापि इनमें से किसी भी परीक्षा में उर्दू न लिए हो। इस परीक्षा में वे कर्मचारी सम्मिलित नहीं हो सकते हैं जिन्होंने गत वर्षो में जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। परीक्षा का पाठ्यक्रम नीचे अंकित है।

प्रत्येक अभ्यर्थी को एक आवेदन–पत्र फोटो लगाकर भरने हैं और वह भरा हुआ आवेदन पत्र उचित माध्यम से अग्रसारित कराकर सीधे सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0 प्र0, एलनगंज प्रयागराज को दिनांक 15.11.2021 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। साथ में दो–दो लिफाफे अपने स्वय के पते लिखकर अवश्य संलग्न करें। आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्राप्त होने पर तुरंत परीक्षा कार्यक्रम/प्रवेश पत्र आपके पास भेजा जाएगा। परीक्षा प्रदेश के निम्नलिखित चार केंद्रों पर आयोजित होगी। अभ्यार्थी जिस केंद्र पर परीक्षा देना चाहते हो, निर्धारित स्थानों पर केंद्र का नाम अवश्य अंकित करें।

**केंद्र का नाम :** (1) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज
(2) राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज, लखनऊ
(3) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आगरा
(4) राजकीय इंटर कॉलेज, मुरादाबाद

**लिखित परीक्षा कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| बुधवार 01 दिसंबर 2021 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक, |
| बुधवार 01 दिसंबर 2021 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराहन 1 बजे से 3 बजे तक, |

इस परीक्षा में प्रथम द्वितीय अथवा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण करने वालों को क्रमशः रु0 600, रु0 400 व रु0 200 का पुरस्कार तथा राजाज्ञा सं0 2253/ चालीस–रा. एकी. 15.01.1981 राजाज्ञा सं. 302(2) चालीस–2–81 रा. एकी. 05.06.1981 तथा राजाज्ञा सं. 167/इक्कीस–उर्दू–2–2021 (48/2011) दिनांक 26 अगस्त 2021 के द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त परीक्षा स्थल पर जाने तथा आने का नियमानुसार यात्रा भत्ता भी संबंधित विभाग द्वारा देय है।

**लिखित परीक्षा** **पाठ्य–क्रम**

**प्रथम प्रश्न–पत्र** **समय 2 घंटे**

1. पद्य व गद्य का साधारण उर्दू में अर्थ.................... 20 अंक
2. प्रश्नों का उत्तर उर्दू में देना.................... 10 अंक
3. उर्दू अंश को हिंदी में अनुवाद करना.................... 10 अंक
4. हिंदी अंश को उर्दू में अनुवाद करना.................... 10 अंक

योग 50 अंक

द्वितीय प्रश्न–पत्र पूर्णांक 50 अंक **समय 2 घंटे**

1. दरखवास्त तथा चिट्ठी लिखना.................... 20 अंक
2. 20 पंक्तियों का लेख लिखना.................... 10 अंक
3. मुहावरों तथा कहावतों का वाक्यों में प्रयोग.................... 10 अंक
4. जबान तथा कहावत से संबंधित आसान प्रश्न.................... 10 अंक

योग 50 अंक

महायोग 100 अंक

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

---

**परीक्षा कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| बुधवार 01 दिसंबर 2021 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक |
| बुधवार 01 दिसंबर 2021 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराहन 1 बजे से 3 बजे तक |

प्रदेश के राजपत्रित एवं अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, निगमों व स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के लिए

# जूनियर हाईस्कूल स्तर के उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2021–22 का आवेदन पत्र

(अभ्यर्थी इस आवेदन पत्र को अपनी हस्तलिपि में भरें)
(नोट–जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा की पिछली परीक्षाओं में जो अभ्यर्थी सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हो चुके हैं वह इसमें सम्मिलित नहीं हो सकते।)

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहां लगाएं।

सेवा में,
सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज
अनुक्रमांक.......................................(सचिव कार्यालय में भरा जाएगा।)

महोदय,

निवेदन है कि मैं जूनियर हाईस्कूल की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2021–22 में सम्मिलित होना चाहता हूं। इस परीक्षा में बैठने के लिए शासन द्वारा जो भी बंधन एवं शर्तें पीछे मुद्रित हैं, उनकी मुझे जानकारी है और नियमानुसार इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र हूँ। अतः अनुरोध है कि मुझे उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

मेरा अन्य विवरण इस प्रकार है–

1. पूरा नाम (हिंदी में) (स्वच्छ लिपि में) ____________________
   (उर्दू में) ____________________
2. पिता का नाम हिंदी में ____________________
   (उर्दू में) ____________________
3. शैक्षिक योग्यता ____________________
4. पद ____________________
5. राजपत्रित/अराजपत्रित अथवा निगम अथवा स्थानीय निकाय कर्मचारी ____________________
6. कार्यालय का नाम जहां कार्यरत हैं ____________________
   ____________________
7. तिथि जब से कार्य कर रहे हैं ____________________
8. परीक्षा केंद्र का नाम जहां से परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है ____________________
   (केंद्र का नाम पीछे मुद्रित है)

हस्ताक्षर अभ्यर्थी (हिंदी में) ____________________

**अग्रसारण अधिकारी (कार्यालयाध्यक्ष) का प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि.......................................................इस कार्यालय में कार्यरत है और इनके द्वारा पूरित विवरण मेरी जानकारी में सही है तथा उपर्युक्त परीक्षा में बैठने के पात्र हैं।

दिनांक :

कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर..........................................

पद की स्पष्ट मुहर

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

## जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2021–2022

**प्रवेश पत्र**

अनुक्रमांक ____________________ (सचिव कार्यालय में भरा जाएगा)
अभ्यार्थी का नाम ____________________
कार्यालय का नाम जहां कार्यरत हैं ____________________
परीक्षा केंद्र का नाम ____________________

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहां लगाएं।

हस्ताक्षर केंद्र व्यवस्थापक
केंद्र की मुहर